# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## नवम सत्र

## अल्पसूचित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि $\frac{\text{21 आषाढ़, 1945 (श०)}}{\text{12 जुलाई, 2023 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या **06**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | जल संसाधन विभाग | - | - | 02 |
| (2) | लघु जल संसाधन विभाग | - | - | 01 |
| (3) | पंचायती राज विभाग | - | - | 01 |
| (4) | पथ निर्माण विभाग | - | - | 01 |
| (5) | ग्रामीण कार्य विभाग | - | - | 01 |
| | | | कुल योग -- | 06 |

टूटे बाँध की जाँच

9. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 16 जून, 2023 को प्रकाशित शीर्षक ''गंडक नदी का बाँध टूटा, 800 एकड़ भूमि में फैला पानी'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के लकड़ीनबीगंज प्रखंड के खवासपुर गाँव में अचानक गंडक नहर का जल प्रवेश करने से पूरा गाँव सहित 800 एकड़ भूमि जलमग्न हो गई है, जबकि विभाग के पदाधिकारी द्वारा बाँध टूटने के लिये चूहे को दोषी बताया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाँध की सुरक्षा एवं देख-रेख हेतु पूर्व में बाँध चौकीदार की बहाली होती थी, जो समाप्त कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त टूटे बाँध की जाँच कराने एवं बाँध चौकीदार की बहाली की व्यवस्था प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल की उपलब्धता

10. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 21 जून, 2023 को प्रकाशित शीर्षक ''सूबे के 23 में 16 जलाशय सूखे सिर्फ 1 में 20 फीसदी पानी'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के औरंगाबाद जिला के बटाने सहित 16 जलाशय सूख गये हैं, शेष सात में भी मात्र 3 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक ही पानी है, जिससे औरंगाबाद, नवादा, जमुई, बाँका, मुंगेर, कैमूर सहित कई जिलों में किसानों के खेतों में सिंचाई सुविधा नहीं मिल रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2020 को छोड़कर पिछले 5 वर्षों से उपरोक्त सभी जलाशयों में सिंचाई हेतु पानी बरसात के पहले उपलब्ध नहीं रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपर्युक्त जलाशयों में बरसात के पहले पर्याप्त जल की उपलब्धता के लिये कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नलकूपों को चालू कराना

11. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 21 मई, 2023 के अंक में छपी खबर के शीर्षक ''पूरे राज्य में आधे नलकूप बन्द'' के आलोक में क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य में राजकीय नलकूपों की संख्या लगभग 10 हजार 240 है, जिसमें लगभग आधे नलकूप अभी भी बन्द है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बारिश नहीं होने और जलाशयों के सूख जाने के बाद राजकीय नलकूप ही किसानों के लिये सिंचाई का एकमात्र साधन है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राज्य के आधे राजकीय नलकूपों को चालू नहीं करने का क्या औचित्य है ?

--------

पंचायत सरकार भवन बनाना

12. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-194 आरा)--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 8 मई, 2023 को प्रकाशित शीर्षक ''कई जिलों में भवन बनाने की राशि खर्च नहीं की'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी 8057 पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से पंचायत सरकार भवन बनाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें 3200 पंचायतों को पंचायत सरकार भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई जिसमें 1485 पंचायत में भवन का निर्माण हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शेष बचे हुये पंचायतों के पंचायत सरकार भवन निर्माण होने की स्वीकृति मिलने के बाद भी आजतक सारण, दरभंगा, नवादा, पूर्णियाँ में 90 से 94 फीसदी राशि पड़ी हुई है, लेकिन निर्माण कार्य नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राशि की उपलब्धता के बावजूद पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

--------

कार्रवाई करना

13. श्री विजय कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-168 लखीसराय)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि एस0 पी0 कन्स्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा 1717 करोड़ की लागत से निर्माण किये जा रहे सुल्तानगंज-अगुवानी, घाट पुल दिनांक 4 जून, 2023 को धराशायी हो गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 29 अप्रील, 2022 को भी इस पुल का 100 फीट लम्बा हिस्सा ध्वस्त हो गया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि इस कम्पनी के द्वारा इस पुल निर्माण में घटिया सामग्री और गलत तकनीक उपयोग किये जाने के कारण 8 वर्षों से बन रहा यह पुल गिर गया ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एस0 पी0 कन्स्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा बिहार में निर्माण किये जा रहे सभी पुलों एवं सुल्तानगंज-अगुवानी, घाट पुल में उपयोग किये जा रहे घटिया सामग्री एवं गलत तकनीकी की जाँच कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

14. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा PMGSY सड़क निर्माण का निविदा NIT संख्या RWD/PMGSY/HQ/ET/22-23/34 सहित दर्जनों सड़कों की निविदा को दिसम्बर, 2022 में किया गया ;

(2) क्य यह बात सही है कि विगत छ: माह से राज्य की लगभग 540 सड़कों का निर्माण कार्य निविदा सम्पन्न LI होने के बावजूद अवरुद्ध है, उदाहरणार्थ ग्रामीण कार्य प्रमंडल, ढाका अन्तर्गत झौआराम-कुण्डवाचैनपुर, चिरैया-पुरनहिया सहित राज्य के सैकड़ों जर्जर पथों में आवागमन बंद है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार PMGSY निविदा सम्पन्न पथों का निर्माण शुरू कराने तथा जर्जर पथों को तत्काल मोटरेबल कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 12 जुलाई, 2023 (ई0) ।

पवन कुमार पाण्डेय,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

बि0स0मु0, 26(एल0ए0), 2023-24-डी0टी0पी0-550